वर्तमान समय में टेलीमेडिसिन प्रासंगिक

एमएमएमयूटीः शॉर्ट टर्म कोर्स में कंप्यूटर के नए सिद्धांतों पर चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

एमएमएमयूटी में बृहस्पतिवार से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से एडवांसेज इन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी पर एक शार्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स के उद्घाटन के मौके पर आईआईटी समेत और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने कंप्यूटर साइंस से संबंधित उभरते हुए क्षेत्रों के सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक अवधारणाओं से अवगत कराया।

23 फरवरी से एक मार्च तक आयोजित इस शार्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किया। आर्यभट्ट हॉल आईटीआरसी में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति ने कालातीत हो चुके उपकरणों और तकनीकों को पुनर्पयोगी बनाने एवं रोजमर्रा की समस्याओं का अभिकलन सुविधाओं के माध्यम से हल खोलने का जोर दिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रोफेसर नरेंद्र कोहली ने टेलीमेडिसिन की वर्तमान समय में प्रासंगिकता और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। आयोजन के अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश कुमार, डॉ. यूसी जायसवाल, नागेंद्र प्रताप सिंह एवं सुशील कुमार सरोज समेत अन्य मौजूद थे।